


## जेनिफर लोपेज को पैरेंट्स ने घर से कर दिया था बेदखल

परिवार में जेनिफर की एक बड़ी बहन लेजली और एक छोटी बहन लिंडा भी है। अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए जेनिफर कहती हैं, मैं मां से खूब पिटती थी। मेरी परवरिश कैथलिक परिवार में हुई है। मां चाहती थी कि मैं पढ़ाई पर ध्यान दूं। लेकिन मेरा मन जिमनास्ट और सॉफ्ट बॉल टीम में ज्यादा लगता था। मुझे बचपन से डांस का शौक रहा है। जब भी ब्रेक मिलता मैं डांस करती। इस कारण मुझे घर से भी निकाल दिया गया। जेनिफर याद करती हैं कि 18 साल की उम्र में जब उन्होंने मैनहैटन फिल ब्लैक डांस स्टूडियो में फुलटाइम स्टूडेंट के तौर पर एडमिशन लिया तो परिवार में कोहराम मच गया। पैरेंट्स इस बात से इतने नाराज हुए कि उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया। जेनिफर ने घर छोड़ दिया। वह कई महीनों तक बेघर जैसी जिंदगी जीने को मजबूर थीं। डांस स्टूडियो के सोफे पर ही उनकी रातें कटने लगीं। फिर एक दिन उन्हें यूरोप में डांसिंग का जॉब मिला। वह फ्लाई गर्ल बनीं और लॉस एंजेलिस में रहने लगीं। 52 साल की उम्र में जेनिफर ने बॉयफ्रेंड बेन एफलेक संग बिना किसी तामझाम के शादी रचाई है।

## केआरके के बेटे फैसल की ट्विटर पर एंट्री, अभिषेक बोले– इस भसड़ में स्वागत है


खुद को फिल्मक्रिटिक और प्रड्यूसर कहने वाले कमाल आर खान यानी भले ही मुंबई में नहीं रहते हों लेकिन बॉलीवुड के गलियारों में हमेशा सुर्खियों में रहते हैं। केआरके हमेशा बॉलिवुड सिलेब्स और फिल्मों के ऊपर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। अब केआरके के बेटे फैसल आर कमाल भी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म ट्विटर पर आ गए हैं। अभिषेक बच्चन ने फैसल का ट्विट पर स्वागत किया है। Kamaal R Khan ने ट्वीट किया, श्फाइनली मेरे बेटे फैसल आर खान ने ट्विटर जॉइन कर लिया है। इस ट्वीट के जवाब में अभिषेक बच्चन ने कॉमेंट करते हुए कहा, इस भसड़ में स्वागत है फैसल। इसके जवाब में फैसल ने हार्ट इमोजी के साथ लिखा, थैंक्यू सर। इसके बाद अभिषेक ने कहा, मेहनत करो, अपने पैरेंट्स को गर्व महसूस कराओ और हमेशा पॉजिटिव रहो। फैसल के लिए अभिषेक का मेसेज लिखना इसलिए लोगों को दिलचस्प लग रहा है क्योंकि पहले कई बार अभिषेक और कमाल ट्विटर पर एक–दूसरे की खिंचाई कर चुके हैं। लोग इस पर काफी मजे ले रहे हैं। यहां तक तो कई लोगों ने लिखा है कि लगता है कि अभिषेक को केआरके से डर लगता है।

## अंजलि अरोड़ा मालदीव में इस तरह बिता रही हैं समय



काचा बादाम गाने पर डांस करके रातों–रात लाइमलाइट में आने वालीं एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा खूब चर्चा में रहती हैं। वह अपने चंद सेकेंड के रील्स से पूरे सोशल मीडिया का मजमा लूट लेती हैं। ज्यादातर उनके डांस वीडियो ही होते हैं, मालजिसमें वह अपने हुस्न का जलवा बिखेरकर सभी तो चित कर देती हैं। एक बार फिर यह अपनी 100 मिलियन डॉलर वाली स्माइल से सभी को दिवाना बना रही हैं और समंदर किनारे इठला रही हैं। सहसे हसीन और सबसे जवां एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा इन दिनों मालदीव का लुफ्त उठा रही हैं। इंस्टाग्राम हैंडल एक–से–एक बेहतरीन वीडियो और फोटो शेयर करती रहती हैं। मालदीव से भी उन्होंने तमाम क्लिप्स फैन्स के साथ साझा की जिसमें वह कमाल की लग रही हैं। कभी वह रेत में ट्रेंडिंग सॉन्ग पर कमर लचकाती दिखाई देती हैं। तो कभी वह समंदर के बीचों–बीच ब्रेकफास्ट करती दिखाई देती हैं। और कभी तो वह वहां चल रही ठंडी हवालों में बलखाती हुई नजर आती हैं। अंजलि अरोड़ा एक अच्छी डांसर हैं या नहीं ये तो नहीं पता लेकिन रील्स में किए गए उनके सभी स्टेप्स लोग कॉपी जरूर करते हैं। वह लोगों के बीच इतनी पॉपुलर हैं कि एक झलक पाने के लिए फैन्स बेसब्री से इंतजार करते हैं। उन्हें देख आहें भरते हैं।

# मौत से लड़ रही मां को देख बदहवास हो गए थे शाहरुख खान



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*शाहरुख खान, जिन्होंने अर्श से फर्श तक का एक लंबा सफर तय किया है। इस सफर में कई लोग उनके साथ थे, लेकिन उनके सिर पर मां–बाप का हाथ नहीं था। जब सफलता उनके कदम चूम रही थी, तब वो अपनी मां फातिमा खान को बहुत याद करते थे। एक इंटरव्यू मे मां के बारे में बात कर बेहद इमोशनल हो गए थे। उन्होंने उनके बारे में बहुत कुछ बताया था कि वो कैसी थीं, उन्हें क्या बीमारी हुई थी, जब वो हॉस्पिटल में थीं, तब उनके ऊपर क्या गुजर रही थी। शाहरुख ने अंत में ये भी कहा कि उनकी मां हमेशा उनके दिल में रहेंगी।*

**सक्सेस नहीं देख पाईं मां**

शाहरुख खान ने सिमी ग्रेवाल को दिए इंटरव्यू में अपनी मां के बारे में बात की थी। इस दौरान वो इमोशनल भी हो गए थे। उन्होंने बताया था कि मां उनकी सक्सेस नहीं देख पाईं। वो बहुत सोशल थीं और उन्हें लोगों से मिलना अच्छा लगता था। उन्होंने बहुत प्यार दिया। पिता के गुजरने के बाद उन्होंने घर को संभाला। वो बहुत अमीर फैमिली से बिलॉन्ग करती थीं, लेकिन उन्होंने सबकुछ अपने दम पर किया।

**मां को पैर में हुआ था छोटा-सा जख्म**

शाहरुख खान ने ये भी बताया कि उन्होंने अपनी मां को कैसे खो दिया। वो कहते हैं, मैं गोवा में शूटिंग कर रहा था। उन्हें डायबिटीज था और मैंने सुना कि वो ठीक नहीं हैं। मैंने उनसे बात की, लेकिन वो ठीक लगीं। जब मैं शूटिंग खत्म करके वापस लौटा तो देखा कि उनके पैर पर जख्म था। वो फैल रहा था। वो बहुत छोटा था, लेकिन तेजी से फैल रहा था। फिर उन्हें हॉस्पिटल में



एडमिट कराया, जहां उन्हें सेप्टिसीमिया हो गया। सबकुछ बहुत अचानक हुआ। उन्हें जनवरी में ये सब हुआ और फरवरी–मार्च में ये सब होते–होते अप्रैल में उनकी मौत हो गई। वो दो–तीन महीने बीमार रहीं।

**क्या है सेप्टिसीमिया ?**

सेप्टिसीमिया को सेप्सिस भी कहते हैं। ये एक सीरियस ब्लड इंफेक्शन है, जो बैक्टीरिया के कारण होता है। इसे ब्लड पॉइजनिंग भी कहते हैं। अगर सही समय पर इसका इलाज न हो पाए तो ये मरीज की जान ले लेता है।

**जिंदगी में पहली बार मांगी दुआ**

शाहरुख खान ने उस बुरे दौर के बारे में बताया कि वो इसके लिए तैयार नहीं थे, लेकिन वो पहले पिता की मौत के समय इन सब से गुजर चुके थे। वो कहते हैं, तब भी मैं हॉस्पिटल में था। तब भी ऐसी ही चीजें हुई थीं और अचानक वो (पिता) गुजर गए थे। ऐसे ही मां के साथ भी हुआ। मुझे याद है कि मैं दुआ नहीं मांगता था। किसी ने मुझे कहा था कि अगर तुम 6 हजार बार ऐसा कहते हो तो वो दर्द में नहीं रहेंगी। मैंने कहा भी, लेकिन डॉक्टर मेरे पास आया और कहा कि वो गुजर चुकी हैं।

मां को बताने लगा था परेशानियां...

शाहरुख आगे कहते हैं कि वो कमरे में गए। वहां इसीजी मशीन लगी थी, जिसमें हार्ट बीट चलते हुए दिखती है। वो बताते हैं, मैं ये मानता था कि आप तभी पूरी तरह से मरते हो, जब आप जिंदगी में पूरी तरह संतुष्ट होते हो। इससे पहले आप नहीं मरते। ये सोचकर मैं वहां बैठ गया और मां को दुनियाभर की परेशानियां बताने लगा कि मैं खुश नहीं रहूंगा। मेरी बहन खुश नहीं रहेगी। मैं तुम्हारी बेटी के साथ मिसबिहेव करूंगा। मैं बुरा आदमी बन जाऊंगा। लेकिन इन सबसे कुछ नहीं हुआ। वो चली गईं।

# कतई हद ग्लैमरस हैं ये हैं चाहतें फेम सरगुन कौर लूथरा



*स्टार प्लस पर टेलीकास्ट होने वाला पॉपुलर टीवी शो श्ये है चाहतेंश इन दिनों भले ही फीका पड़ गया हो लेकिन इसके सभी किरदार बड़े ही दिलचस्प हैं। सभी रियल लाइफ में बड़े ही अलग अवतार में देखने को मिलते हैं। सोशल मीडिया पर भी खासा एक्टिव रहते हैं। खुराना परिवार की बहू जो शो में सीधे–साधे लुक में नजर आती हैं, वह रियल लाइफ में बेहद ग्लैमरस हैं। तस्वीरें देख आप भी चकरा जाएंगे। साथ ही उनके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे।*

**प्रीशा उर्फ सरगुन लूथरा का दिलकश अंदाज**

पॉपुलर टीवी शो ये है चाहतें में प्रीशा का किरदार काफी पसंद किया जाता है। जिस तरह से उन्होंने सिंगल मदर का कैरेक्टर प्ले किया और समाज के तानों का सामना किया, वह दर्शकों को खूब पसंद आया। बता दें कि इस रोल को सरगुन कौर लूथरा निभा रही हैं। शो में साड़ी और सूट से लिपटी सरगुन रियल लाइफ में काफी ग्लैमरस हैं।

**२४ साल की हैं**

सरगुन कौर लूथरा का जन्म 24 नवंबर 1998 को नई दिल्ली में हुआ था। सरगुन कौर लूथरा ने साल 2017 में श्काल भैरव रहस्यश में गौरी के किरदार से टीवी डेब्यू किया था। इस रोल को पाने के लिए उन्होंने 20 से ज्यादा बार ऑडिशन दिया था। सरगुन कौर लूथरा ने 2020 में अश्वथामा से तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था।

**ये हैं इनके शौक**

सरगुन कौर लूथरा ने नई दिल्ली के स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की थी। उन्हें गिटार बजाना पसंद है। साथ ही ट्रैवलिंग और पेंटिंग का भी शौक रखती हैं। सरगुन कौर लूथरा साइकोलॉजी की स्टूडेंट हैं। लेकिन उन्होंने एक्टर बनने के सपनों को पूरा करने के लिए बीच में पढ़ाई छोड़ दी थी।

**म्यूजिक वीडियोज किए**

सरगुन कौर लूथरा साल 2017 में अच्छी लगती हो और साल 2018 में श्कलेशश म्यूजिक वीडियोज में फीचर हुई थीं। इसी साल इन्होंने कलर्स टीवी के श्तंत्रश में भी देखा गया था। सरगुन कौर लूथरा ने 2019 में आई टीवी फिल्म श्कासगंजश में भी अभिनय किया था। और हिंदी टीवी सीरियल श्मायावी मलिंगश में कैमियो किया था।